प्रदेश • क्वालकॉम, सिस्को, नोकिया संग हुआ करार

# जबलपुर में बीएसएनएल शुरू करेगा 5जी और एआई नेटवर्किंग स्किल कोर्स



भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

जबलपुर को देश के प्रमुख टेक-स्किलिंग हब बनाने की दिशा में केंद्र सरकार ने सोमवार को बड़ा कदम उठाया। बीएसएनएल (भारत संचार निगम लिमिटेड) के जबलपुर स्थित भारतरत्न भीमराव अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेलीकॉम ट्रेनिंग में 5जी, एआई, एमएल और डिजिटल नेटवर्किंग से जुड़े शॉर्ट टर्म स्किलिंग कोर्स शुरू होंगे। बीएसएनएल ने इसके लिए दूरसंचार क्षेत्र में दुनिया की चार अग्रणी कंपनियों-एरिक्शन इंडिया, क्वालकॉम टेक्नोलॉजीज, सिस्को सिस्टम्स और नोकिया सॉल्यूशंस एंड नेटवर्क्स इंडिया के साथ समझौता किया है। ये करार केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मौजूदगी में किए गए। इस मौके पर BSNL व चारों कंपनियों के प्रतिनिधि, मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सिंह, जबलपुर के सांसद आशीष दुबे और टेलीकॉम सचिव नीरज मित्तल भी मौजूद थे।

- **सिंधिया ने कहा कि तेजी से बदलती डिजिटल अर्थव्यवस्था में उद्योग की जरूरतों के अनुरूप उन्नत प्रशिक्षण बहुत जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी युवाओं को भविष्य की नौकरियों के लिए तैयार करेगी।**

## हर साल जबलपुर में 2000 से अधिक छात्रों को दी जाएगी ट्रेनिंग, अलग-अलग समय अवधि के होंगे कोर्स

- एरिक्शन इंडिया जबलपुर के टेलीकॉम ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में 5जी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करेगा, जो सालाना 2000 से अधिक छात्रों को 5जी प्रशिक्षण देगा। 5जी प्रशिक्षण पाने वाले छात्रों को बीएसएनएल की कक्षा के बुनियादी ढांचे का लाभ मिलेगा। ये कोर्स 18 घंटे से लेकर 84 घंटे की अवधि के होंगे।
- क्वालकॉम टेक्नोलॉजीज भी जबलपुर संस्थान में एक सेंटर स्थापित करेगा, जो बीएसएनएल प्रशिक्षकों व सरकारी हितधारकों को उन्नत 5जी और एआई प्रशिक्षण पर केंद्रित होगा। पहले वर्ष में 100 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण मिलेगा। यह कोर्स 30 घंटे की अवधि का होगा।
- सिस्को सिस्टम्स जबलपुर केंद्र में नेटवर्किंग, साइबर सुरक्षा व आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर में कौशल बढ़ाने के लिए नेटवर्किंग प्रशिक्षण देगा।
- नोकिया सॉल्यूशंस एंड नेटवर्क्स 5जी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और एआई/एमएल लैब स्थापित करेगा 300 छात्रों को 5जी रेडियो, कोर नेटवर्क आदि में प्रशिक्षण मिलेगा। ये 12 हफ्ते के दो कोर्स होंगे।